दिनांक 21.06.2024 समय: 2.10 PM

आकाशवाणी से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

योग दिवस राष्ट्रीय

दुनिया भर में आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के विषय है - 'स्वयं और समाज के लिए योग'। देश में मुख्य समारोह जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में शेर-ए-कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीनगर से समारोह का नेतृत्व किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने जनसभा को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दुनिया भर योग अपनाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है और इसकी उपयोगिता को भी लोग पहचान रहे हैं। पिछले 10 वर्षों में योग के विस्तार पर, प्रधानमंत्री ने एक नई योग अर्थव्यवस्था के बारे में बात की और योग पर्यटन के प्रति बढ़ते आकर्षण और लोगों की योग सीखने के लिए भारत आने की इच्छा का उल्लेख किया। उन्होंने योग स्थान, रिसॉर्ट्स, हवाई अड्डों और होटलों में योग के लिए समर्पित सुविधाओं, योग परिधान और उपकरण, व्यक्तिगत योग प्रशिक्षकों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ये सभी विकास युवाओं के लिए रोजगार सृजन के नए अवसर पैदा कर रहे हैं।

प्रदेश योग दिवस

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राजभवन भोपाल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शरीर, मन और आत्मा के संतुलन के लिए योग अत्यंत ज़रूरी है। योग सरल है, सभी के लिए हैं। यह व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से किया जा सकता है। रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मुख्यमंत्री निवास,भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में योगाभ्यास किया और कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में योग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रदेश में योग आयोग के गठन के बाद योग को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया गया। आयुर्वेद की दृष्टि से भी अहम फैसले लिए गए हैं। प्रदेश में 11 आयुर्वेदिक महाविद्यालय खोलने का निर्णय इसी कड़ी में लिया गया है। मोटे अनाजों के प्रोत्साहन के लिए श्रीअन्न संवर्धन अभियान का शुभारंभ करते हुए उन्होंने बताया कि किसानों को प्रति क्विंटल एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

जिला योग कार्यक्रम

प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों,शहरों,ग्रामीण क्षेत्रो में भी योग दिवस पर आयोजन हुए. जबलपुर में ग्वारीघाट पर एमपी आर्टी रेजिमेंट एनसीसी द्वारा युवाओं के लिए योग थीम पर आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में 600 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया.

सतना जिला मुख्यालय पर सामूहिक योग का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक एक के पीछे खेल मैदान में संपन्न हुआ। इस मौके पर राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने अधिकारियों तथा छात्र-छात्राओं के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया।

विदिशा में जिला स्तरीय आयोजन खेल स्टेडियम में किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में सहकारिता एवं खेल युवक कल्याण विभाग मंत्री विश्वास सारंग शामिल हुए.

शिवपुरी जिला मुख्यालय पर स्थित भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल दूरसंचार वाहिनी में यहां पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया।

छतरपुर जिले में स्थित खजुराहो में योग दिवस पश्चिमी मंदिर समूह परिसर में आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में 1000 से भी अधिक लोगों ने एक साथ मिलकर योगाभ्यास किया कार्यक्रम में राज्य मंत्री दिलीप अहिरवारभी शामिल हुए.

खंडवा भूकंप

खंडवा शहर में आज सुबह लोगों ने भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए। इससे लोग घबरा कर घरों से बाहर निकल आए। किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार भूकंप सुबह 9 बजकर 4 मिनट और 19 सेकेण्ड पर आया था । रिक्टर पैमाने पर इनकी तीव्रता 3 दशमलव 6 मापी गई है। भूकंप का केंद्र खंडवा से 10 किलोमीटर दूर रहा।

संक्रांति दिवस

दुनिया के उत्तरी गोलार्ध में आज ग्रीष्म संक्रांति होती है। हर वर्ष 21 जून को यह संक्रांति ऋतु परिवर्तन का भी प्रतीक है। इस दिन उत्तरी गोलार्ध में दिन की अवधि सर्वाधिक होती है। उत्तरी गोलार्ध में आज वर्ष का सबसे लंबा दिन और सबसे छोटी रात होती है, जबकि दक्षिणी गोलार्ध में दिसंबर में ग्रीष्म संक्राति आती है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में...

1. अमरवाड़ा विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने का आज आखिरी दिन है। अब तक 11 प्रत्याशियों द्वारा 18 नामांकन पत्र दाखिल किए जा चुके हैं।
2. बैतूल जिला अस्पताल परिसर में गर्मी के दिनों में होने वाली पानी की समस्या से निजात दिलाने अस्पताल परिसर में तीसरे संपवेल पंप का निर्माण शुरू किया गया है। और
3. टी20 क्रिकेट विश्व कप में एंटीगा में, ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को 28 रन से हराया। आज एक अन्य मैच में इंग्लैंड का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा।